*प्रेस नोट – 08.07.2025*

*बिहार में SIR फॉर्म संग्रहण 14 दिनों में आधे के करीब पहुँचा; अभी 17 दिन शेष*

8 जुलाई 2025 को शाम 6 बजे तक SIR की प्रगति को देखते हुए यह संभावना है कि नामांकन फॉर्मों का संग्रहण कार्य अंतिम तिथि *25 जुलाई 2025* से काफी पहले पूरा कर लिया जाएगा।

*विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)* प्रक्रिया बिहार में सुचारु रूप से चल रही है। 24 जून 2025 को निर्देश जारी होने के बाद पहले 14 दिनों में *3,70,77,077 नामांकन फॉर्म* (जो कुल 7,89,69,844 मतदाताओं का *46.95%* है) एकत्रित किए जा चुके हैं।

पहले दो हफ्तों में कुल *7.90 करोड़ फॉर्म* छपवाए गए और इनमें से *97% (7,70,44,990)* फॉर्म मतदाताओं को वितरित किए जा चुके हैं। साथ ही, *18.16% फॉर्म ECINET पर अपलोड किए जा चुके हैं।*

काफी संख्या में संभावित मतदाता नामांकन फॉर्म के साथ अपनी पात्रता से जुड़े दस्तावेज भी SIR आदेश दिनांक 24.06.25 के अनुसार जमा कर रहे हैं। अब प्रयास शेष बचे हुए फॉर्म और दस्तावेजों का संग्रहण करने का है – और इसके लिए अभी भी 17 दिन शेष हैं।

*पिछले 24 घंटों में (यानी कल शाम 6 बजे से आज शाम 6 बजे तक) 82,78,617 नामांकन फॉर्म एकत्रित किए गए, जो कि **एक ही दिन में 10.5% संग्रहण* का आंकड़ा दर्शाता है। यदि यही गति बनी रही, तो यह अभियान समय से पहले पूरा हो सकता है।

फील्ड में *20,603 नए बीएलओ* जोड़े गए हैं, जिससे संग्रहण कार्य और तेज हुआ है। अभी *77,895 बीएलओ* घर-घर जाकर मतदाताओं को फॉर्म भरने में सहायता कर रहे हैं और उन्हें एकत्रित कर रहे हैं। बीएलओ द्वारा घरों में तीन अनिवार्य दौरे में से पहला पूरा किया जा चुका है और दूसरा दौरा जारी है।

लगभग *4 लाख स्वयंसेवक* (जिनमें सरकारी अधिकारी, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस सदस्य आदि शामिल हैं) बुजुर्ग, दिव्यांग, बीमार व कमजोर लोगों की सहायता के लिए क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं।

सभी *243 विधानसभा क्षेत्रों* को कवर करने वाले EROs, *963 AEROs, **38 DEOs* और राज्य के CEO भी ज़मीनी स्तर पर मतदाताओं की मदद कर रहे हैं।

मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के *जिला अध्यक्षों* ने भी बीएलए (BLA) की नियुक्ति में तेजी लाई है। अभी तक *1,56,626 बीएलए नियुक्त किए जा चुके हैं, जबकि शुरुआत में यह संख्या **1,38,680* थी। *चुनावी नामावली नियमावली के पैरा 25.2.1* के अनुसार वे अब भी और बीएलए नियुक्त कर सकते हैं।